an>

title: The Speaker made references to the passing away of Dr. Laxminarayan Pandey, member, 5th, 6th and 9th to 14th Lok Sabhas and Shri Punamchand Mithabhai Vanakar, member, 8th Lok Sabha.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारे दो पूर्व साथियों डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय और श्री पूनमचंद मीठाभाई वानाकर की दुःखद मृत्यु के बारे में सूचना देनी है।

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय मध्य प्रदेश के मंदसौर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पाँचवीं, छठी एवं नौवीं से चौदहवीं लोक सभा के सदस्य थे।

अपने लम्बे और सक्रिय राजनीतिक जीवन के दौरान उन्होंने विभिन्न संसदीय समितियों के सभापति और सदस्य के रूप में कार्य किया। वह बारहवीं से चौदहवीं लोक सभा तक सभापति तालिका के सदस्य भी थे।

इससे पहले डॉ. पाण्डेय वर्ष 1962 से 1967 तक मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य भी थे। डॉ. पाण्डेय ने स्वतंत्रता आंदोलनों और गोवा मुक्ति आंदोलन में भी हिस्सा लिया था।

वह कई शैक्षिक और सामाजिक संगठनों से अध्यक्ष और सदस्य के रूप में जुड़े रहे। उन्हें कई पुस्तकों के प्रकाशन का श्रेय भी जाता है।

डॉ. पाण्डेय 7वें विश्व हिन्दी सम्मेलन में संसदीय शिष्टमंडल के नेता थे और उन्होंने भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के सदस्य के रूप में विभिन्न देशों की यात्रा की।

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय का निधन मध्य प्रदेश राज्य के इन्दौर में 19 मई, 2016 को 88 वर्ष की आयु में हुआ।

श्री पूनमचंद मीठाभाई वानाकर गुजरात के पाटन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से आठवीं लोक सभा के सदस्य थे। वह सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति संबंधी समिति के सदस्य भी रहे। श्री वानाकर ने समाज के निर्धन और पिछड़े तबकों के उत्थान के लिए कार्य किया।

श्री पूनमचंद मीठाभाई वानाकर का निधन गुजरात के मेहसाणा में 7 जून, 2016 को 87 वर्ष की आयु में हुआ।

हम पूर्व साथियों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और यह सभा शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना देती है।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर के लिए मौन रहेगी।

11.03 hours

The Members then stood in silence for short while.

HON. SPEAKER: Question No. 41, Kumari Shobha Karandlaje.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Not now. I am sorry, I cannot allow you now.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Whatever it is, I will allow you in 'Zero Hour'. Not now please.

11.04 hours

(*At this stage, Shri Kodikunnil Suresh and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*)

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I will allow you in 'Zero Hour'. Nothing will go on record. This will not happen.

...(*Interruptions*) â€¦ *

HON. SPEAKER: I am sorry. ऐसे मैं कुछ नहीं समझ पा रही हूँ। You go to your seats. Whatever you want to say, in zero hour I will allow.